नाम ..................                                    अनुक्रमांक ..............

# वार्षिक परीक्षा, 2022

**A**

## विज्ञान

**समय : 2 घण्टे]**                **कक्षा-8**                **[पूर्णांक : 50**

**निर्देश**—केवल पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक खण्ड से दो प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

### खण्ड 'क'

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चुनकर उनको उत्तर पुस्तिका पर लिखिए— 10

(क) ऊर्जा का नवीकरणीय स्रोत है—

(i) पेट्रोल    (ii) डीजल

(iii) एल.पी.जी.    (iv) सौर ऊर्जा

(ख) पेचिश रोग होता है—

(i) अमीबा द्वारा    (ii) पैरामीशियम द्वारा

(iii) एन्ट अमीबा द्वारा    (iv) प्लाज्मोडियम द्वारा

(ग) हड्डियों, जोड़ों या माँसपेशियों की अक्षमता को कहते हैं—

(i) लोको मोटर दिव्यांगता    (ii) दृष्टि बाधिता

(iii) डिस्लेक्सिया    (iv) डिसग्राफिया

(घ) विद्युत विभवान्तर का मात्रक है—

(i) कूलॉम    (ii) ऐम्पियर

(iii) सेकण्ड    (iv) वोल्ट

(ङ) इन्टरनेट एक्सप्लोरर होता है—

(i) वेब साइट    (ii) आई. एस. पी.

(iii) ब्राउजर    (iv) हार्डवेयर

2. निम्नलिखित कथनों में सही कथन के आगे (✓) तथा गलत कथन के आगे (✗) का निशान लगाइए— 10

(क) सीमेन्ट, साबुन, प्लास्टिक आदि मानव-निर्मित वस्तुएँ हैं। ( )

(ख) हेमेटाइट एलुमीनियम का अयस्क है। ( )

(ग) द्वितीयक लैंगिक लक्षण शैशवावस्था में दिखाई देते हैं। ( )

P.T.O.



(घ) बल में परिमाण होता है किन्तु दिशा नहीं होता है। ( )

(ङ) चुम्बक के सिरों पर आकर्षण बल सबसे अधिक होता है। ( )

3. निम्नलिखित वाक्यों में रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए— 10

(क) दो या दो से अधिक परमाणु आपस में मिलकर ............ बनाते हैं।

(ख) जन्तुओं में हार्मोन्स ............ द्वारा स्रावित होता है।

(ग) जुआई के लिए प्रयुक्त यन्त्र ............ है।

(घ) सरल सूक्ष्मदर्शी में ............ लेंस प्रयोग होता है।

(ङ) ............ सबसे कठोर पदार्थ है।

4. निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए— 10

(क) भू तापीय ऊर्जा प्रकार की ऊर्जा है?

(ख) किसी एक द्रव धातु का नाम लिखिए।

(ग) आन्तरिक निषेचन किसे कहते हैं?

(घ) आर्कीमिडीज का सिद्धान्त क्या है?

(ङ) सीमित तथा असीमित ऊर्जा के दो-दो उदाहरण लिखिए।

5. स्तम्भ (क) और स्तम्भ (ख) में दिये गये शब्दों का मिलान कीजिए— 10

| स्तम्भ 'क' | स्तम्भ 'ख' |
|---|---|
| पेट्रोल | तापीय |
| कोयला | जल विद्युत संयंत्र |
| जलाशय पर बाँध | बस |
| डीजल | पवन चक्की |
| वायु | स्कूटर |

### खण्ड 'ख'

6. इलेक्ट्रॉन, प्रोटॉन एवं न्यूट्रॉन के गुणों की तुलना कीजिए। 10

7. (क) तवे की हैण्डिल में लकड़ी लगी होती है, क्यों? 5

(ख) पादप तथा जन्तु कोशिका में अन्तर लिखिए। 5

8. जलपम्प की कार्यविधि का सचित्र वर्णन कीजिए। 10

9. विद्युत चुम्बक से क्या अभिप्राय है? इसके उपयोग लिखिए। 10

10. ईंधन क्या है? ईंधन का वर्गीकरण उदाहरण सहित दीजिए। 10